देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 19.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- संसद ने विकसित भारत– जी राम जी विधेयक, 2025 ध्वनि मत से पारित किया; विधेयक से हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिन का रोजगार मिलेगा।
- लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और नागरिक सेवाओं से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।
- प्रदेशभर में 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान पूरे जोर–शोर से जारी।
- और...बागेश्वर में मानव–वन्यजीव संघर्ष पर वन विभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न।

सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और नागरिक सेवाओं से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नगरपालिका परिषद चम्पावत, लोहाघाट और टनकपुर की आधुनिक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता–अनुकूल वेबसाइटों का अनावरण किया। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों में ज्ञान केन्द्रों का लोकार्पण तथा उप जिला चिकित्सालय टनकपुर में अत्याधुनिक डायलिसिस मशीन का शुभारम्भ भी किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लिए की गई ये पहलें अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी भवनों में ज्ञान केन्द्रों के संचालन से शिक्षा के स्तर में सुधार होगा और युवाओं को पढ़ाई के लिए अपने घर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। गांवों में ही बेहतर शैक्षिक संसाधन उपलब्ध होने से पलायन पर भी प्रभावी नियंत्रण लगेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि टनकपुर उप जिला चिकित्सालय में सीएसआर मद से उपलब्ध कराई गई डायलिसिस मशीन से टनकपुर और बनबसा क्षेत्र के लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

आपातकालीन एम्बुलेंस

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी गढ़वाल स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय को वर्चुअल माध्यम से एक नई आपातकालीन एम्बुलेंस प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह एम्बुलेंस विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

डॉ. रावत ने कहा कि दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में त्वरित चिकित्सा सुविधा अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय जैसे बड़े शैक्षणिक संस्थान में आपातकालीन सेवा की उपलब्धता से किसी भी आपात स्थिति में समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि यह एम्बुलेंस न केवल विश्वविद्यालय समुदाय के लिए उपयोगी होगी, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को भी त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराएगी।

''जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार''

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर प्रदेशभर में 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान पूरे जोर–शोर से जारी है। अभियान के दूसरे दिन प्रदेश की अनेक न्याय पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में जन–समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया, साथ ही हजारों पात्र ग्रामीणों को 23 विभागों की चिन्हित योजनाओं से मौके पर ही लाभान्वित किया गया।

अभियान के तहत पिथौरागढ़ जिले की विभिन्न न्याय पंचायतों में भी शिविर लगाए गए। शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

इस अवसर पर लाभार्थियों ने कहा कि 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के माध्यम से उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।

वन्यजीव प्रशिक्षण

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बढ़ती वन्यजीव गतिविधियों और मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए बागेश्वर वन विभाग ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वन्यजीवों के बढ़ते हमलों से मानवीय जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में अधिक सक्रिय भालू, गुलदार, जंगली सुअर और बंदरों से होने वाले खतरों पर विस्तार से चर्चा की गई। पशु चिकित्सक डॉ. हिमांशु पांगती ने वन कर्मियों को वन्यजीवों के व्यवहार, हमलों के कारणों, आपात स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों और प्रभावी बचाव उपायों की जानकारी दी।

उप प्रभागीय वनाधिकारी तनुजा परिहार ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से वन कर्मियों को वैज्ञानिक और व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है, जिससे मानव और वन्यजीवों के बीच होने वाले संघर्ष को कम किया जा सकेगा।

<u>शीतलहर/ज़िलाधिकारी निरीक्षण</u>

सर्दियों के मौसम में शीत लहर से बेसहारा, असहाय और गरीब लोगों को राहत देने के लिए हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने रोड़ीबेलवाला क्षेत्र में बने रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरों में साफ–सफाई, हीटर, बिस्तर और अन्य सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए तथा चादर और रजाई कवर की नियमित धुलाई सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने सभी रैन बसेरों का विद्युत लोड ऑडिट कराने और किसी भी व्यक्ति से सुविधा शुल्क न लेने के निर्देश दिए। को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश भी नगर निगम को दिए गए।

जिलाधिकारी ने मौके पर जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए और कहा कि शीत लहर के दौरान कंबल वितरण का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

स्वच्छता अभियान

उत्तरकाशी जिले के राजकीय इंटर कॉलेज जुणगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्पर्श गंगा दिवस के अवसर पर ग्राम जुणगा में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, हंसी जोशी के नेतृत्व में पवित्र जल स्रोत पनियारखाल में आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन–जागरूकता रैली निकाली। साथ ही गांव में स्थित पवित्र जल स्रोत के आसपास झाड़ियों की कटाई कर प्लास्टिक कचरे का उन्मूलन किया गया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक हंसी जोशी ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित जल अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। उन्होंने कहा कि गंदा और प्रदूषित जल अनेक बीमारियों का कारण बनता है, इसलिए जल संरक्षण के साथ ही प्राकृतिक जल स्रोतों को स्वच्छ रखना समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

<u>विद्युत राजस्व वसूली</u>

उत्तरकाशी जिले में विद्युत वितरण खंड बड़कोट के अंतर्गत विद्युत राजस्व वसूली के सतत लक्ष्यों पर जोर दिया गया है। इस संबंध में विद्युत वितरण मंडल चकराता के अधीक्षण अभियंता ई. युद्धवीर सिंह तोमर ने समीक्षा बैठक कर बड़कोट खंड के अंतर्गत विद्युत वितरण उपखंड बड़कोट और पुरोला की प्रगति की जानकारी ली।

अधीक्षण अभियंता ने आगामी मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए वृहद स्तर पर शिविर आयोजित करने और वर्षों से लंबित बकायेदारों के स्थायी विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही अवर अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा कि विद्युत लाइनों पर कार्य कर रहे कार्मिक सुरक्षा के मद्देनजर टी एंड पी का प्राथमिकता के साथ उपयोग करें।